ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.11.2020

● नगर निगम द्वारा आज दिनांक 13.11.2020 को हनुमतधाम पर हुआ दीपोत्सव ,एक साथ हजारो दीपक जले।

नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा शुभ दीपावली के अवसर पर आज पवित्र हनुमतधाम स्थल पर हजारो दीप जलाकर स्वच्छ दीपोत्सव मनाया गया। शुभ दीपावली के अवसर पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा महोदय द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षको को दीपावली के अवसर पर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। शुभ दीपोत्सव के दृष्टिगत रखते हुये पवित्र हनुमतधाम स्थल पर सुबह से ही समस्त सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षको की देख–रेख में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर निगम के समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा पवित्र हनुमतधाम स्थल पर सुबह से एकत्रित होकर कार्य किया गया। इस अवसर पर स्थानीय स्वंय सेवा संस्थाओ जैसे हनुमतधाम सोसाइटी,लोक भारती संस्था,जय गणेश सेवा समिति आदि संस्थाओ द्वारा दीपोत्सव में सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की महिला अधिकारियो एवं कर्मचारियो तथा नगर के सम्भ्रांत लोगो द्वारा मिटटी के दीये जलाकर लोगो से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर हनमुतधाम समिति एवं अन्य गणमान्य नगर वासियो के साथ–साथ नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा,अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह,मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान, सहायक अभियन्ता (जल) पी0के0सिंह, अवर अभियन्ता (जल) सूरज प्रजापति, डी0पी0एम0 सैफ सिददीकी, डी0सी0 श्री विनय प्रताप सिंह, समस्त सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक,सफाई नायक एवं सहायक सफाई नायक उपस्थित रहे। इसके साथ–साथ नगर आयुक्त महोदय ने नगरवासियो को दीपावली,गौवर्धन एवं भईयादूज की दी हार्दिक शुभकामनाये ।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर